प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ा : बाढ़ चौकियों को किया गया अलर्ट, वाराणसी और प्रयागराज में छोटी नावों के संचालन पर लगाई गई रोक।**
2. **भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के अध्ययनों में कोविड टीकों और युवाओं की अचानक मौत के मामलों के बीच नहीं पाया गया कोई संबंध।**
3. **लखनऊ में 25 फीसदी तक बढ़ेगा सर्किल रेट : नया प्रस्ताव तैयार, एक अगस्त से होगा लागू।**

**और**

4. **आईआईटी कानपुर निकालेगा प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण का समाधान : आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस और डटा का किया जायेगा इस्तेमाल।**

————————

**प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर तेज़ी से बढ़ रहा है। बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाराबंकी में घाघरा नदी खतरे के निशान से सिर्फ आधा मीटर नीचे बह रही है। वाराणसी में गंगा उफान पर है, जिसकी वजह से 84 घाटों का सम्पर्क आपस में टूट गया है। साथ ही घाटों के पास**

बने मंदिर पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। खतरे को देखते हुए गंगा नदी में छोटी नावों के संचालन पर रोक लगा दी गयी है। वाराणसी के जिलाधिकारी *सत्येंद्र कुमार* ने आज बाढ़ की आशँका वाले क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को जरुरी दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

बाइट......

*जो बाढ़ चौकियों की स्थापना करनी होती है वो सारी तैयारियाँ हो गई हैं। एनडीआरएफ और जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों को डिप्लॉय करना होता है उसकी भी प्लानिंग कर ली गई है तो सभी प्रकार से जो बाढ़ की तैयारियाँ होती है समग्र रूप से उसको लेकर तैयारियाँ हैं और लगातार जलस्तर पर भी सतर्क दृष्टि रखा जा रहा है जैसी आवश्यकता होगी उसी हिसाब से उसमें इमरजेंसी रिस्पॉन्स एक्टिवेट किए जाएंगे।*

प्रयागराज में भी गंगा और यमुना में नाव सेवाएं बंद कर दी गई हैं। अयोध्या और गोंडा में सरयू और घाघरा नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ा रहा है। गोंडा की ज़िलाधिकारी *नेहा शर्मा* ने बताया कि सभी बाढ़ चौकियां अलर्ट पर हैं। बाइट.....

*सरयू, घाघरा दो तहसीलें जो हैं वो प्रभावित है जिसमें कर्नलगंज और तरबगंज के जो नदी के किनारे के जो गांव है उन सभी जगहों पर हम लोग ने अलर्ट मोड किया हुआ है। बिकाज ट्रेंड जो है नदी का वो राइजिंग ट्रेंड है और भारी वर्षा जो फुटहिल्स में हो रही है उससे भी ये स्थिति जो है आगे और आगे संवर्धित होगी। सारी बाढ़ चौकियां जो हैं वो अलर्ट में हैं।*

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी जनपदों के लिए भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया ह

————————

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स ने कहा है कि कोविड के टीकों और युवाओं की अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। देश के दो प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों के व्यापक अध्ययनों में पुष्टि हुई है कि भारत में इस्तेमाल हुए कोविड के टीके सुरक्षित और प्रभावी रहे हैं। इनके गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले मिले हैं। भारत में अचानक हृदय संबंधी मौतों की इन घटनाओं के लिये आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद स्थितियों और कोविड के बाद की जटिलताओं सहित कई अन्य कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इसको लेकर दोनों संस्थाओं ने दो अध्ययन किए। पहले अध्ययन में लोगों की आयु 18 और 45 वर्ष के बीच थी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पहले अध्ययन का परिणाम यह दर्शाता है कि कोविड—19 टीकाकरण से लोगों में अचानक मृत्य, का जोखिम नहीं बढ़ता है। वहीं, दूसरा अध्ययन जो एम्स, नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। उसके प्रारंभिक विश्लेषण यह पता चलता है कि हार्टअटैक या मायोकार्डियल इनफारक्शन, इस आयु वर्ग में अचानक मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है। यह अध्ययन भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली मृत्यु के बारे में अधिक व्यापक समझ प्रदान करतेहैं। अध्यनों में यह भी कहा गया है कि मृत्यु के जोखिम में अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्यायों की भूमिका हो सकती है। वैज्ञानिक विशेषज्ञों ने दोहराया है कोविड टीकाकरण को अचानक मौतों से जोड़ने वाले बयान झूठे और भ्रामक हैं। आनंद कुमार के साथ, आकाशवाणी समाचार के लिए आदर्श, दिल्ली।*

————————

राजधानी लखनऊ में दस साल बाद जमीन के दाम बढ़ाने की तैयारी शुरु हो गई है। इसके तहत 25 फीसद तक सर्किल रेट बढ़ाने का मसौदा तैयार कर लिया गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*नये सर्किल रेट में कृषि भूमि पर 15, व्यावसायिक पर 25 और बहुमंजिला भवनों पर 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है। दुकान, कार्यालय और गोदामों पर औसतन 20 फीसदी की वृद्धि प्रस्तावित है। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख.जी ने कहा कि ये सर्किल रेट बाजार मूल्य में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए तय किए गए हैं। प्रशासन की ओर से इस संबंध में लोगों से दावे और आपत्तियां मांगी गई हैं। नई दरों से संबंधित सुझाव और आपत्तियां दो से 17 जुलाई के बीच सुबह 10 से पांच बजे तक सभी उप निबंधक कार्यालयों, सहायक महानिरीक्षक निबंधन के कार्यालय में दी जा सकती है। इन आपत्तियों का निस्तारण 27 जुलाई तक होगा। जिसके बाद एक अगस्त से नए सर्किल रेट लागू कर दिए जाएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————————

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सुल्तानपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट में चल रहे मानहानि के मामले में आज होने वाली सुनवाई गवाह न आने के कारण टल गई है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल के विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ज़ोर देते हुए रोजगार से जुडो प्रोत्साहन योजना— ईएलआई को मंजूरी देने के फैसले की प्रदेश के लोगों ने सराहना की है। इस योजना के तहत एक लाख करोड़ रुपये की लागत से दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दिया जाएगा। कानपुर में प्रदेश के कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उदय बक्शी ने कहा कि इस निर्णय स युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। बाइट.....

*कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है जिसमें एम्प्लॉइज के लिए एक नई स्कीम लाई गयी है जिसका नाम है एम्प्लॉयमेंट लिंक इंसेंटिव स्कीम। ये स्कीम दो सालों के लिए चलेगी और मैन्यफ़ैक्चरिंग सेक्टर के लिए ये चार वर्षों तक चलेगी। ऐसा उम्मीद करते हैं की करीब साढ़े तीन करोड़ नए युवा नए एम्प्लॉयमेंट में भाग लेंगे और मैं इन युवाओं को इसपे प्रोत्साहन करने के लिए ऐसी स्कीम लाई गयी है।*

————————

प्रदेश की पंचायतों को सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग और आईआईटी कानपुर के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर उपस्थित पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर

ने कहा कि इस एमओयू के तहत पंचायतों को डिजिटल दक्षता के लिए आईआईटी कानपुर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं प्रदेश में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आईआईटी कानपुर और आईबीएम के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस और डाटा का इस्तेमाल कर वायु प्रदूषण का समाधान निकालना है। इसमें आईबीएम की प्रयोगशाला की मदद ली जाएगी। बाइट.....

*आईटी कानपुर में एयर क्वालिटी में बहुत दिन से बहुत अच्छा काम हो रहा है। इसमें हमने उत्तर प्रदेश में आठ सौ तीस लो कॉस्ट सेंसर लगाए हुए एयर क्वालिटी मेजर करने के लिए। प्रथम एयर क्वालिटी इस टाइम बना रहे हैं जिसमें हमने आईबीएम जैसी ग्लोबली। रिकॉग्नाइज्ड इंडस्ट्री के साथ एमओयू किया है चूंकि आईबीएम सितंबर में एक लैब लखनऊ में खोल रहा है। दोनों मिल के वायु प्रदूषण को कैसे कम किया जाए उस दिशा में एआई और डेटा को यूज करके कैसे काम करे।*

————————

प्रदेश के खादी और ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान की उपस्थिति में आज लखनऊ में विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. पीयूष सिंह को प्रदेश की एमएसएमई, खादी, हथकरघा एवं रेशम उद्योगों से संबंधित नीतियों और योजनाओं से अवगत कराया गया। इस मौके पर श्री सचान ने कहा कि राज्य में आज 1 करोड़ एमएसएमई ईकाईयां काम कर रही हैं। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश दो हज़ार सत्रह से लगातार योगी जी के सरकार में एमएसएमई ने जो ग्रोथ किया है सबसे बड़ा राज्य है लगभग एक करोड़ एमएसएमई इकाइयाँ है एमएसएमई दो हज़ार बाईस पॉलिसी दो हज़ार सत्रह की पॉलिसी जो बनी उसका भी लाभ हमारी उत्तर प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों ने लिया जितने इंसेंटिव थे वो उनको दिए गए।*

————————

**वाराणसी की ममता पाल ने बर्मिंघम में हुए वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में 5000 मीटर क्रॉस कंट्री रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है, जबकि अमरोहा की सोनम सिरोही ने 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल हासिल किया है।**

**(समाप्त)**